न्यायालय प्रथम अपील प्राधिकारी एवं जिला कलक्टर, भीलवाड़ा

(अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005)

श्री किशन लाल पिता छितर माली निवासी आटूण वाया पुर, जिला भीलवाडा।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी भीलवाडा, जिला भीलवाडा।

प्रकरण संख्या :– 85/2025 जीसीएमएस नम्बर

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19.08.2025	–: निर्णय :– 1. पत्रावली आज पेश हुई। उभयपक्ष अनुपस्थित। 2. अपीलार्थी ने अपील आवेदन–पत्र दिनांक 01.08.2025 में वर्णित सूचना लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी भीलवाडा से चाही गई थी, परन्तु प्रत्यर्थी के द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने के कारण अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत कर, प्रत्यर्थी से सूचना दिलाये जाने का निवेदन किया है। प्रकरण दर्ज कर उभयपक्षकारान की तलबी हेतू नोटिस जारी किये गये। 3. लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी भीलवाडा से प्राप्त सूचना अनुसार लोक सुचना अधिकारी द्वारा जरिये पत्रांक 1496 दिनांक 18–08–2025 से अवगत कराया गया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना तहसीलदार भीलवाडा के पत्र कमांक 1785 दिनांक 22.07.2025 से अपीलार्थी को सूचना/जवाब जरिये डाक से प्रेषित की गयी। जिसकी प्रतिलिपि उक्त अपील पत्रावली के अभिलेख पर मौजूद है। अतः उपरोक्त विवेचन के परिप्रेक्ष्य में अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाती है। निर्णय की प्रति उभयपक्षकारान् को प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार हो कर नम्बर से कम हो। निर्णय आज दिनांक 19–08–2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। (जसमीत सिंह संधू) प्रथम अपीलीय अधिकारी लोक सूचना एवं जिला कलक्टर, भीलवाड़ा जसमीत सिंह संधू जिला कलक्टर भीलवाड़ा	

कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट भीलवाड़ा (राज.)